an>

Title : Need to develop necessary mechanism to enable people migrated to other States to exercise their right to vote during elections.

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ)** : सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के एक अनुमान के अनुसार लगभग 3 करोड़ व्यक्ति रोज़गार की तलाश में अपना घर छोड़कर देश के विभिन्न स्थानों पर जाते हैं। चुनाव के समय ये लोग सामान्यतः अपने घरों से दूर रहते हैं तथा किसी समुचित व्यवस्था के अभाव में अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि लगभग 3 करोड़ की इस बड़ी प्रवासी जनसंख्या के लिए डाक मत पत्रों की अथवा अन्य कोई ऐसी व्यवस्था की जाये ताकि चुनावों में ये अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।